हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन


RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक १५६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० २८ नवम्बर २०२२ दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

## अयोध्या के विकास में धन की कमी नहीं होने देंगे रामायण मेले के शुभारंभ पर बोले मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या दौरे पर रामलला के दर्शन किए और विकास कार्यों की समीक्षा की



प्रखर एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में 41वें रामायण मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास भी मौजूद रहे। यह मेला 30 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके समापन समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी। रामायण मेला में राम विवाह उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इस बार रामायण मेला बेहद भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है। इसके पहले अयोध्या के जीआईसी मैदान में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या सप्तपुरी में से एक पुरी है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे राम मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। अयोध्या को दुनिया की सर्वोत्तम नगरी बनाना है। अयोध्या में केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की तीस हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। यहां आध्यात्मिक नगरी बनने के साथ ही भौतिक साधनों का भी उपलब्धता होगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में विकास के लिए धन की कमी नहीं होगी। उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। दीपोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन उनकी अयोध्या के प्रति अपार श्रद्धा और निष्ठा है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले बिजली आती ही नहीं थी और अब बिजली जाती नहीं है। आज पूरी अयोध्या एलईडी लाइट से जगमगा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में सड़कों के चौड़ीकरण में जो व्यापारी विस्थापित हो रहे हैं हम उनका पुनर्वास भी करेंगे। अयोध्या से जुड़ने वाले सभी मार्गों को फोरलेन व सिक्स लेन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में विकास कार्यों की समीक्षा भी की और राम जन्मभूमि जाने वाले सभी तीन प्रमुख मार्गों के निर्माण में देरी को लेकर नाराजगी भी जताई। मुख्यमंत्री अयोध्या दौरे पर आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन डॉक्यूमेंट 2047 की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री का सर्वाधिक फोकस अन्य विकास कार्यों से ज्यादा श्रीराम जन्मभूमि को जाने वाले राम पथ, भक्त पथ और जन्मभूमि पथ पर था। उन्होंने इन पथों को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश अफसरों को दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 40 दिन में तीसरी बार अयोध्या में रामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन–पूजन किया। इसके पहले 19 अक्टूबर को दीपोत्सव की तैयारी जानने मुख्यमंत्री अयोध्या पहुंचे थे। इस दिन उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन किया। इसके उपरांत 23 अक्टूबर को दीपोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी उन्होंने दर्शन किया था। 24 को पुनः मुख्यमंत्री ने रामलला और हनुमानगढ़ी में शीश झुकाकर सुख–समृद्धि की कामना की थी। इसके उपरांत रविवार (27 नवम्बर) को गोरक्षपीठाधीश्वर ने अयोध्या पहुंचने के दौरान दर्शन किया। रविवार सुबह मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर बाजार बंदी का आह्वान करने वाले व्यापारी नेताओं को नजरबंद किया गया। व्यापारी नेताओं को घर पर ही हाउस अरेस्ट किया गया। इस कड़ी में व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता नंदू और पंकज गुप्ता को हाउस अरेस्ट किया गया है। दूसरी ओर, रामायण मेला समिति की ओर से आयोजित रामायण मेले में 10 दिवसीय राम बाजार एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार को महंत अवधेश दास ने किया। रामायण मेले के तृतीय पोस्टर का विमोचन भी किया गया। प्रदर्शनी में एक जनपद एक योजना के तहत कई स्टाल लगाए गए हैं। इस अवसर पर कमलेश सिंह, शैलेंद्र मोहन मिश्र, सूर्य नारायण सिंह, नंद कुमार मिश्र, नागा राम लखन दास, जनार्दन उपाध्याय, श्रीनिवास शास्त्री सुरेंद्र सिंह, शिवम मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से पति–पत्नी समेत तीन की मौत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नंदगंज थाना क्षेत्र के देवकली पेट्रोल पम्प के पास शनिवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। अज्ञात वाहन और कार की टक्कर से कार में सवार पति–पत्नी सहित तीन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के जानकारी देने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। दुर्घटना के संबंध में बताया गया है कि बिहार के वैशाली जिला के सुकी गांव निवासी धीरज कुमार 45अपनी पत्नी मोनी 40 और आलोक कुमार 35 के साथ मुजफ्फरपुर निवासी आलोक की कार से अपने बेटे प्रयास के पास प्रयागराज रात में जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब दो बजे नंदगंज थाना क्षेत्र के देवकली पेट्रोल पम्प के पास गाजीपुर से वाराणसी की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से कार में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल होने से मोनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल धीरज और आलोक कराहते हुए जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। दुर्घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घटना से पुलिस को अवगत कराया गया। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए सैदपुर अस्पताल भेजवाया। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। इस संबंध में एसओ महेंद्र सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में एक महिला का जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो घायलों ने वाराणसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शव को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाई प्रारंभ की जाएगी।

## अखिलेश व शिवपाल के पक्ष में धरना को लेकर बीजेपी सांसद को डेढ़ साल की सजा!

तब सांसद कमलेश पासवान समाजवादी पार्टी में थे



प्रखर गोरखपुरध्डेस्क। गोरखपुर की जिले की बांसगांव लोकसभा से भाजपा सांसद कमलेश पासवान को कोर्ट ने डेढ़ साल की सजा सुनाई है. दरअसल मौजूदा समय में बांसगांव से भाजपा सांसद कमलेश पासवान को एमपी–एमएलए कोर्ट ने डेढ़ साल की सजा सुनाई है. दरअसल सांसद कमलेश पासवान पर 16 जनवरी 2008 में बसपा की सरकार के दौरान शिवपाल यादव और अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में चक्का जाम करने का आरोप था. इसी मामले में भाजपा सांसद कमलेश पासवान को एमपी–एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है. बता दें, जनवरी 2008 में बीआरडी मेडिकल कॉलेज की मेन गेट पर धरना प्रदर्शन करने के मामले में कोर्ट नंबर–2, एसीजेएम सेकेंड प्रभात त्रिपाठी की कोर्ट ने अभियुक्त सांसद कमलेश पासवान, रामवृक्ष यादव, राजीसेमरा निवासी महेश पासवान, चंद्रेश पासवान, सराय निवासी रामआसरे, खोराबार थाना क्षेत्र के रायगंज निवासी सुनील पासवान और चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी खुदुस उर्फ घुहुस का दोष सिद्ध होने पर एक साल 6 महीने के कारावास के साथ ही दो हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, सजा के खिलाफ कमलेश पासवान सक्षम न्यायालय में अपील दायर करेंगे. फिलहाल उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है. गौरतलब ठत्क मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर पूर्व में सपा में रहे कमलेश पासवान ने अपने समर्थकों के साथ चक्का जाम किया था. दरअसल, अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी का कोर्ट में कहना था कि बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान पर 16 जनवरी 2008 में बसपा की सरकार के दौरान शिवपाल यादव और अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में चक्का जाम करने का आरोप था. सपा कार्यकर्ताओं ने गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर विधि विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया था. तब कमलेश पासवान समाजवादी पार्टी में थे. हालांकि, बाद में उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर लिया. साल 2008 से चल रहे इस मुकदमे में आज फैसला आना था. इस मामले में जुर्म सिद्ध पाए जाने के बाद शनिवार को कोर्ट ने यह सजा सुनाई. शनिवार को कमलेश पासवान एसीजेएम कोर्ट में तारीख पर पेश हुए. कमलेश पासवान के अधिवक्ता पीके दुबे ने बताया, सजा के खिलाफ सक्षम न्यायालय में अपील दाखिल की जाएगी. हालांकि 3 साल से कम की सजा होने पर सांसद और विधायकों को नियमानुसार जेल भेजने का प्रावधान नहीं है।

## जौनपुर में पुराने विवाद में मारपीट के बाद चले ईंट पत्थर, चार लोग घायल, सात पर मुकदमा



प्रखर जौनपुर। जिले में एक पुराने विवाद को लेकर आपसी झड़प का मामला सामने आया है। इस विवाद के सामने आने के बाद दो पक्षों में सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। जबकि वारदात के दौरान दो लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों का इलाज भी किया जा रहा है और मेडिकल के बाद विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। जिले के जफराबाद के सरैया भूलेमऊ गांव में रविवार को सुबह पुराने विवाद में दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ, ईंट पत्थर चले। एक पक्ष के एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव निवासी कुंवर पांडेय व सैफ अहमद से पड़ोस के सतेंद्र यादव तथा मनोज गुप्ता का एक मुकदमे को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। तीन चार दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज हुई थी। रविवार को दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। कुछ देर में छतों से ईंट पत्थर चलने शुरू हो गए। ईंट पत्थर से एक पक्ष की रेनू पत्नी मनोज गुप्ता,मनोज गुप्ता पुत्र श्यामलाल गुप्ता, विपिन गुप्ता पुत्र भोलानाथ गुप्ता,अंकित पुत्र मनोज गुप्ता गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मनोज की हालत काफी नाजुक है। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी, चौकी प्रभारी आशीष पांडेय, गौराबादशाहपुर के प्रभारी लालबहादुर सिंह सहित काफी फोर्स सहित पहुंच गई। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक पक्ष के तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बाकी को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

## आशनाई के चक्कर में प्रेमी की पीटकर हत्या, पुलिस ने कई लोगों को लिया हिरासत में

प्रेमिका ने प्रेमी को बुलाया था घर, नजर पड़ी तो स्वजनों ने बोल दिया हमला





प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में शनिवार की रात प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी की लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी। इस दुःसाहस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में ले लिया। आननफानन में प्रेमी को शाहगंज स्तिथ पुरुष चिकित्सालय में भर्ती कराया जहाँ डॉक्टरों में मृत घोषित कर दिया। एएसपी सिटी के डॉ संजय कुमार ने कहा कि इस प्रकरण पर परिजनों से शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोषियों को बख्शा नही जाएगा। लतीफपुर गांव निवासी 19 वर्षीय धनबली बिंद का फरीदपुर गांव की एक किशोरी से तीन वर्ष से प्रेम– प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों की मानें तो दोनों का ननिहाल शाहगंज क्षेत्र के एक गांव में है। दोनों मिलते– जुलते भी थे। इसकी भनक स्वजन को हुई तो समझाया भी। कुछ दिन पूर्व युवती लड़के के घर आकर रहने लगी। तीन दिन रहने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और दोनों का संबंध विच्छेद कराया गया। बावजूद इसके दोनों चोरी– छिपे मिलते रहते थे। बताया जा रहा है कि युवती की शादी स्वजन कहीं और तय कर दिया। सूत्रों के अनुसार इसके बाद प्रेमी ने युवती की कुछ आपत्तिजनक तस्वीर भेज दी, जिसके बाद शादी टूट गई। शनिवार की रात युवती ने प्रेमी को घर बुलाया तो पास में घर के कई लोग ताक में लगे थे। गांव पहुंचते ही धनबली को लाठी डंडे व चाकू से कई बार वार पास ही खेत में फेंक दिया। इसकी जानकारी युवती ने प्रेमिका प्रेमी के घरवालों को दे दी। स्वजन और पुलिस घायल प्रेमी को लेकर सीएचसी शाहगंज पहुंचे, जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मामले में अभी मुकदमा दज नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजने के साथ ही पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया है।

## बाउंडरी वाल तोड़ती हुई कार अस्पताल में घुसी



घटना में बाल बाल बचे लोग

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर कस्बा स्थित अनमोल पाली क्लीनिक के बाहर खड़ी कार को ड्राइवर द्वारा स्टार्ट करते ही अस्पताल की बाउंडरी वाल को तोड़ने हुए क्लीनिक में जा घुसी। घटना रविवार की अपराह्न की है। बताया जाता है कि कठिराव निवासी विजय गिरी उक्त अस्पताल में भर्ती चाची को देखने आया था। देखने के बाद वह ज्यो ही कार को चालू किया कार बाउंडरी वाल को तोड़ते हुए अस्पताल के पिलर में घुस गई। संयोग से उस समय वहाँ कोई नही था। वरना बड़ी घटना हो सकती है। पिलर से टक्कर होने के बाद कार का एयरबैग भी खुल गया। जिससे ड्राइवर विजय गिरी की जान बच गई। घटना में उसे भी चोटें आईं। वही उक्त घटना से एक लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई। वह घटना के दौरान आसपास खड़ी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। चिकित्सक डॉ रंगनाथ दूबे ने बताया कि थोड़ी ही देर पहले बच्चे वहां खेल रहे थे।

## बलिया में मुठभेड में पूर्व प्रधान ब्लाईंड मर्डर केस का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

प्रखर बलिया। जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुई गांव में हुए पूर्व प्रधान ब्लाईंड मर्डर केस की उलझी गुत्थी सुलझ गयी है। पुलिस ने रविवार को तड़के भलुई गांव के पास ही मुठभेड़ में पूर्व प्रधान हत्याकांड के मुख्य आरोपी मुन्ना राजभर को गिरफ्तार कर लिया। मुन्ना राजभर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मुन्ना राजभर के पास से अवैध असलहा समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। घटना 14/15 नवम्बर की रात का है। सुखपुरा थाना क्षेत्र के भलुही गांव निवासी पूर्व प्रधान हृदयनारायण सिंह (66) की हत्या बदमाशों ने सोते समय निर्मम तरीके से कर दी थी। करीब चार बार ग्राम प्रधान की कमान सम्भाल चुके हृदयनारायण सिंह की प्रतिष्ठा इलाके में थे। किसी से उनकी अदावत भी नहीं थी। उन्हें किसी भी पंचायत में बुलाया जाता था, क्योंकि वे सही निर्णय लेते थे। अचानक उनकी हत्या ने हर किसी को झकझोर दिया। घटना के बाद से पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर और एएसपी डीपी तिवारी इस ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी सुलझाने के प्रयास में जुटे हुए थे। पुलिस की विभिन्न टीमें लगातार इस पर वर्क कर रही थी। यह हाई प्रोफाइल मर्डर केस पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण हो गया था। पुलिस टीम को रविवार तड़के भलुई गांव के पास ही हुए मुठभेड़ में सफलता मिली और पूर्व प्रधान हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुन्ना राजभर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# साहित्य अध्ययन और मनन जीवन की उत्कृष्टता का सन्मार्ग

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख–दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सह्रदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान–प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा। मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# काला नमक (स्वास्थ्य जीवन का वरदान )

परिचय –काला नमक भारतीय उपमहादीप मे निर्मित और भारतीय भोजन मे बड़े पैमाने पर किया जाने वाला नमक है. काला नमक का प्रयोग हम कई प्रकार के भोजन बनाने मे करते है. काले नमक मे सोडियम कलोराइड़ होता है. इसके अतरिक्त इसमें सोडियम सल्फेट, आयरन सल्फाइड आदि की कुछ मात्र भी मिश्रित होती है.काले नमक का सबसे ज्यादा उपयोग भारत मे होता है. उपयोग –काला नमक चिकित्सा पद्धति मे एक ठंडी तासीर का मसाला मना जाता है और उसका उपयोग एक रोचक और पाचन सहायता के रूप मे किया जाता है. इसका उपयोग गैस बनने, ब्लड प्रेशर को कम करने तथा जलन को कम करने मे किया जाता है. काला नमक को अंडे जैसे स्वाद के चलते शाकाहारी लोगो मे ज्यादा पसंद किया जाता है.

**काला नमक खाने के फायदे**

1–काला नमक शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है उसमे खनिज होने के वजह से शरीर मे मौजूदा खतरनाक बैक्टीरिया का नाश होता है

2–काला नमक हमें नींद मे बहुत सहायता करता है जिनको निंद्रा की शिकायत हो, या नींद आने मे तकलीफ हो उसमे काला नमक मे मौजूद खनिज हमारी तंत्रिका तंत्र को शांत करता है तथा नींद मे सहायता प्रदान करता है.

3 – त्वचा की समस्यारू–नमक मे मौजूद क्रोमियम एकने से लड़ता है और सल्फर से त्वचा साफ होती है और कोमल बनती है. इसके अलावा नमक वाला पानी पिने से एकजेमा तथा रेसे वाली बीमारी दूर होती है.

4– काला नमक हमारे शरीर मे मौजूद कॉलेस्ट्रोर को भी कम करता है तथा ब्लड प्रेशर को कम करता है. अगर किसी को बीपी की समस्या है वो काला नमक का प्रयोग करें..

5–काला नमक सीने की जलन से मुक्ति भी दिलाता है.पेट मे बनने वाले गैस से भी आराम दिलाता है. इसके पानी को सुबह सुबह पिने से कोई भी पेट की समस्या नहीं होती है.

6–काला नमक वाला पानी मुँह मे लार वाली ग्रंथि को सक्रिय करने मे मदद करता है. पेट के अंदर प्राकृतिक नमक एसिड तथा प्रोटीन को पचाने के लिए इनजाईम को उतेजीत करता है.

7– काला नमक हमें मांस पेसियो मे दर्द को भी आराम देता है साथ मे शरीर मे होने दर्द से भी निवारण करता है

**डॉ दिवाकर राय**
**बीयचएमयस,एम पी यच डी एम सी (डरमेटॉलॉजी एंड कॉस्मेटलॉजी जर्मनी ) डी यन (नुट्रिशन) सी एम टी (टॉक्सक्योंलॉजी)**



# करना अब कमाल !

**कृष्णेन्द्र राय**



अपने अपने दाव और ।
अपनी अपनी चाल ।।
चाहता हर पक्ष ।
करना अब कमाल ।।
हम ही हैं बस सच्चे ।
रहे इतना ध्यान ।।
चाहिए अब हमको ।
हर तरफ सम्मान ।।
लगा रहे हैं जोर ।
है हमारा कल ।।
हम ही हैं भविष्य ।
और हम हैं कल ।।
आखिरी पड़ाव पर ।
है अपनी तैयारी ।।
हर हाल में उनको ।
देनी मात करारी ।।

# वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री मोदी की बढ़ती लोकप्रियता के साथ बढ़ती भारत की धमक



File Photo

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है और विश्व के लगभग सभी देश प्रधानमंत्री व भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहे हैं। कोरोना महामारी की लड़ाई से थके हुए विश्व में अर्थ व्यवस्थाओं में मंदी और उसके करण उपजी नागरिक समस्याओं के साथ साथ रूस–यूक्रेन युद्ध सहित कई अन्य कारणों से तनाव व्याप्त है। किसी भी समय, किसी भी देश की एक गलती से धरती का बड़ा भाग परमाणु विध्वंस की चपेट में आ सकता है किन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारत की वर्तमान कूटनीति ने स्थितियों को बिगड़ने से बचा रखा है। रूस –यूक्रेन युद्ध के सन्दर्भ में भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा व उसके किसी भी मंच पर कभी रूस के विरुद्ध मतदान नहीं किया अपितु ऐसे हर प्रस्ताव के समय अनुपस्थित रहा किन्तु जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भेंट रूसी राष्ट्रपति पुतिन से हुई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से पुतिन से कहा कि यह समय युद्ध का नहीं है। इसके बाद यूरोपियन समुदाय के सभी देशों के प्रमुख नेताओं ने प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत व प्रशंसा की। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है किआज रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन दोनों ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं। यह भारत की सुविचारित कूटनीति का ही परिणाम था कि रूस– यूक्रेन युद्ध के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के कारण कुछ समय के लिए युद्ध रूका और वहां फंसे भारतीय छात्रों की वापसी संभव हो सकी। छात्र वापस तो आ गए किन्तु रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण उनकी पढ़ाई में काफी नुकसान हुआ। अब एक कदम आगे बढ़कर रूस उन छात्रों के लिए एक बड़ा सहारा बनने जा रहा है। इन छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के लिए रूस ने एक प्रस्ताव दिया है। भारत यात्रा पर आये रूस के महावाणिज्य दूत ओलेग अलदीब ने कहा कि यूक्रेन से निकले भारतीय छात्र अपनी मेडिकल की पढ़ाई रूस में पूरी कर सकते हैं। रूस में होने वाली मेडिकल की पढ़ाई का कोर्स लगभग एक जैसा ही है। इसके साथ ही छात्र रूसी भाषा भी सीख सकते हैं। रूस का कहना है कि भारत के छात्रों व नागरिकों के लिए हमारे दरवाजे सदा खुले हैं। जो बाईडेन ने अमेरिका की सत्ता सँभालने के कुछ समय पश्चात अचानक अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलाने का निर्णय लिया, उसके बाद जब अगानिस्तान में तालिबान ने अपनी सरकार बना ली और अपना कानून लागू कर दिया तब विश्व का कोई भी देश तालिबान के खिलाफ एक शब्द भी बोलने कि हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था उस समय केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही तालिबान को विश्व शांति के लिए बड़ा खतरा बताते हुए अपना पक्ष रखा था । तब उस समय दुनिया भर के जो नेता मौन थे उन्हें आज इस बात का एहसास हो गया है कि तालिबान में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अब भी खूंखार बना हुआ है। अफगानिस्तान में लड़कियों का जीवन बर्बाद हो चुका है और उनकी शिक्षा व बाहर काम करने जैसे सपनों पर ग्रहण लग चुका है। बहुत दिनों के बाद अब तालिबान के मुद्दे पर दुनिया की आंखे खुली हैं और संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित हुआ है, इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को विशेष महत्व दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने तालिबान पर अफगान महिलाओं तथा लड़कियों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए यह प्रस्ताव पारित किया है । उसने तालिबान पर एक प्रतिनिधि सरकार स्थापित करने में नाकाम रहने तथा देश को गंभीर आर्थिक, मानवीय और सामाजिक स्थिति में डालने का आरोप लगाया है। प्रस्ताव में 15 महीने पहले अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से देश में निरंतर हिंसा और अल कायदा तथा इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी समूहों के साथ ही विदेशी आतंकवादी लड़ाकों का भी उल्लेख किया गया है। 193 सदस्यीय सभा में 116 मतों से यह प्रस्ताव पारित हुआ। रूस , चीन,बेलारूस, बुरूंडी, उत्तर कोरिया, इथियोपिया, गिनी ,निकारागुआ,पाकिस्तान और जिम्बाबवे सहित 10 देश प्रस्ताव से दूर रहे। सुरक्षा परिषद की तुलना में महासभा के प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्य नहीं हैं लेकिन वे दुनिया की राय को दर्शाते हैं। सभा में यह प्रस्ताव जर्मनी राजदूत की ओर से रखा गया था । तालिबानियों का शासन आते ही भारत ने अलकायदा, इस्लामिक स्टेट, हक्कानी नेटवर्क जैसे खूंखार आतंकी समूहों से इनका गठजोड़ होने की आशंका जाहिर की थी अतः सभा में तालिबान के खिलाफ जो प्रस्ताव पारित हुआ है उसमें भारत द्वारा कही गई बातों और चेतावनियों को सही माना गया है। यह भारत का ही दबाव है कि आज अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पाकिस्तान को दुनिया का सबसे खतरनाक देश मानने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उधर दूसरी तरफ अमेरिका अगले वर्ष से भारतीय छात्रों व नागरिकों को अमेरिका आने के लिए वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी राजी हो गया है जिसका सीधा लाभ भारतीयों को होने जा रहा है। भारत के पड़ोसी शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान की राजनीति का केंद्र बिंदु भी नरेंद्र मोदी ही बन गये हैं। पाकिस्तान में विरोधी दल के नेता व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मोदी जी की विदेश नीति की तारीफ कर रहे हैं तो वहीं वहां के वर्तमान पीएम शाहबाज शरीफ भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं लेकिन भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा व संरक्षण देता रहेगा तब तक पाकिस्तान के साथ कोई वार्ता संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह लोकप्रियता है या फिर उनका खौफ है कि पाकिस्तान का मीडिया दिन में कम से एक बार तो उनकी कोई न कोई बड़ी खबर चलाता ही है चाहे वह अफवाहों पर आधारित ही क्यों न हो। विगत दिनों मिस्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन में भी पूरी दुनिया की नजर भारत पर ही रही और फ्रांस के राष्ट्रपति ने वहां पर भारत की पर्यावरण संरक्षण की विभिन्न नीतियों का समर्थन किया। दिसंबर 2022 से एक वर्ष के लिए भारत जी –20 समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है वहीं दूसरी ओर अगले वर्ष जी –20 का शिखर सम्मेलन व अन्य कई बड़ी बैठकों का आयोजन भी भारत में ही होने जा रहा है यह हर भारतवासी के लिए बहुत ही गौरवमय क्षण होंगे। यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर भी है जिसका उपयोग भारत में विदेशी निवेश व पर्यटन को बढ़ाने के लिए किया जायेगा । वर्ष 2023 को सम्पूर्ण विश्व भारत के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष मनाने जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पारित यह प्रस्ताव भारत की ओर से ही रखा गया था। भोजन में मोटे अनाज का सेवन स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण और आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुकूल होने के साथ साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत का भी अभिन्न अंग है। भारत में विरोधी दलों के नेता भले ही सरकार पर यह आरोप लगाए कि मोदी राज में महंगाई, बेरोजगारी की दर तेजी से बढ़ रही है और रूपया रसातल में जा रहा है लेकिन अमेरिका से भारत दौरे पर आईं अमेरिका की ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृतव में भारत लगातार नई ऊचाईयों को छू रहा है। अब भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओ में से एक है। इसमें किसी को भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हम महामारी के प्रभाव से निपट रहे हैं। मगर रूस यूक्रेन युद्ध के कारण पूरे विश्व की अर्थवयवस्था बिगड़ रही है। येलेन का कहना है कि अमेरिका और भरत के बीच द्विपक्षीय व्यापार सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुच गया है जो अभी और नई ऊचाईयां छुएगा।अमेरिका ने भारत में हरित हाईड्रोजन और सौर ऊर्जा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की सराहना की। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है तथा हर वैश्विक चुनौती पर अपनी अंतिम रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान व भारत सरकार की ओर से आ रही प्रतिक्रिया के बाद ही बनायी जा रही है।

**मृत्युंजय दीक्षित**

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उदघोष के साथ काशी–तमिल दिव्यांग क्रिकेटम् का समापन




प्रखर वाराणसी। काशी तमिल समागम के संदर्भ में आयोजित काशी तमिल दिव्यांग क्रिकेटम् एक अद्भुत आयोजन है। उत्तर एवं दक्षिण भारत के बीच की दूरी का कारण राजनीतिक है सामाजिक नहीं। हिंदी संपूर्ण भारत की संपर्क भाषा है भारत में केवल 3ः लोग ही अंग्रेजी जानते हैं जबकि हिंदी की जानकारी कम या अधिक लगभग भारत के सभी राज्यों में है दक्षिण भारत में काशीनाथ तथा उत्तर भारत में रामेश्वर नाम बहुतायत लोगों का मिल जाएगा जो दोनों के मजबूत सांस्कृतिक संबंध का प्रतीक है उपरोक्त बातें डॉ कमलेश पांडेय, पूर्व मुख्य आयुक्त (दिव्यांगजन) भारत सरकार ने वाराणसी के जयनारायण इंटरमीडिएट कॉलेज वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश एवं ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई दो दिवसीय दिव्यांग ज–20 क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए तमिलनाडु के राष्ट्रीय सेवक संघ के वरिष्ठतम् प्रचारक श्री सुंदर लक्ष्मण जी ने समारोह को तमिल में हिंदी भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना का यह क्रिकेट मैच सर्वोत्तम उदाहरण हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग काशी यात्रा करने के बाद तमिलनाडु जाते हैं उनका लोग उनका देवता के समान सम्मान करते हैं तथा काशी का कलवा (रक्षा सूत्र) बांधने का प्रचलन घर–घर है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रोफेसर राम नारायण द्विवेदी महामंत्री काशी विद्वत परिषद ने कहा कि जिनके अंदर सेवा की भावना होती है ईश्वर उन्हें कभी भी भाव नहीं होने देते है यह आयोजन सेवा भाव का उत्तम उदाहरण है।दिव्यांग प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी एवं ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ उत्तम ओझा ने बताया कि यह अति महत्वपूर्ण प्रतियोगिता प्रधानमंत्री जी के ष्एक भारत, श्रेष्ठ भारतष का मूर्त रूप है। भारत को जोड़ने की नहीं सभी को इसको समझने की आवश्यकता है। आल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव और दिव्यांग प्रकोष्ठ भाजपा के वाराणसी महानगर संयोजक डॉ संजय चौरसिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गंगा–कावेरी सांस्कृतिक व खेलकूद के महत्व को रेखांकित किया। आयोजन सचिव श्री अजीत प्रकाश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन समिति के चेयरमैन श्री वेंकटरमन घनपटी ने अपने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ मनोज तिवारी, डॉ तुलसी दास, डॉ नीरज खन्ना, सुमित सिंह, भावेश सेठ, मदन मोहन वर्मा, प्रदीप सोनी, आशुतोष प्रजापति, धीरज चौरसिया, सुबोध राय, प्रदीप राजभर, चंद्रकला रावत आदि उपस्थित थे। अंतिम दिन के पहले मैच में तमिलनाडु के पहले बैटिंग करते हुए 102 रन पर ऑल आउट हो गयी तमिल टीम की ओर से निशांत ने ओपनिंग करते हुए 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 45 रन 36 बाल खेलकर बनाया, शाहगुन ने 30 रनों का योगदान 27 बाल खेलकर बनाया। काशी टीम की ओर से लव कुमार ने 2 ओवर 5 गेंद में 13 रन देकर तीन विकेट लिया जबकि अजहर ने 4 ओवर में 16 रन खर्च करके तीन विकेट लिया। काशी की टीम ने मैच को जीता लवकुमार ने 20 रनों वह अजहर ने 24 रनों का योगदान दिया। शील प्रकाश ने सर्वाधिक 35 रनों का योगदान दिया उन्होंने 5 चौके लगाएं। तमिल टीम की ओर से शेंथील सर्वाधिक 2 विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में काशी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में आउट होकर 124 रन बनाए, काशी की टीम की ओर से राहुल व दिनेश में 18–18 रनों का योगदान दिया, तमिल टीम की ओर से लक्ष्मणन् ने 4 ओवरों में 15 रन खर्च करके 3 विकेट लिया। तमिलनाडु की टीम ने लक्ष्य का पीछा करो इसे 14 ओवरों में लक्ष्य पूरा करके मैच अपने नाम कर लिया। मैच में तो तमिलनाडु टीम के कप्तान सचिन ने 51 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि काशी टीम की ओर से अजहर व शील प्रकाश ने 1–1 विकेट लिया। तमिल टीम के कप्तान सचिन शिवा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि काशी टीम के अजहर को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया उन्होंने पूरी सीरीज के दौरान 9 विकेट लिया और 2 बार मैन ऑफ द मैच रहे। इस तरह से इस तीन मैचों की सीरीज को काशी की टीम ने 2–1 से सुब्रमण्यम भारतीय कप को जीत लिया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके प्रोत्साहित किया। जय नारायण इंटर कॉलेज के मैदान पर टी–20 मैच के दौरान दोनों ही टीमों ने कई बेहतरीन शॉट खेले तथा क्षेत्ररक्षण का बेहतरीन नमूना प्रस्तुत किया जिससे मैदान में उपस्थित विशाल जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट एवं सीटी बजाकर उत्साहवर्धन करती रही।

# देशी तमंचा संग एक अपराधी सादात पुलिस के हत्थे चढ़ा




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर के पर्वेक्षण मे आज रविवार को उप निरीक्षक डॉ0 सत्येन्द्र कुमार कांस्टेबल अनिल यादव, कांस्टेबल बबलू कुमार के रोकथाम जुर्म जरायम देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन व वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी में रवाना होकर मौनी बाबा आश्रम के पास रोड पर चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर के खास सूचना पर अभियुक्त मनीष यादव उर्फ मोनू पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी जाही झोटना थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर उम्र 24 वर्ष को कट्या चट्टी बहदग्राम सरदरपुर थाना सादात, गाजीपुर से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।स्थानीय थाने में आर्म्स एक्ट अन्तर्गत कानूनी कार्यवाही जारी है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मेंउप निरीक्षक डॉ0 सत्येन्द्र कुमार, कांस्टेबल अनिल यादव, कांस्टेबल बबलू कुमार शामिल रहे।

# रिजल्ट में हुई त्रुटि को लेकर छात्रों ने दिया धरना किया प्रदर्शन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज गाजीपुर का मुख्य द्वार को ताला लगा कर बंद करके छात्रों के रिजल्ट में हुई त्रुटि जैसे इ,ी, प्दब, ॰ छात्रों के रिजल्ट में नाम गलत आदि समस्या को लेकर के धरना पर बैठा छात्र संघ जिसमें छात्र संघ के अध्यक्ष पद प्रत्याशी सोनू यादव को प्रशासन द्वारा गिरफ्तार करके कोतवाली ले जाया गया जिसमें सोनू यादव के समर्थकों द्वारा और छात्र संघ की टीम द्वारा सोनू यादव को छुड़ाने के लिए कोतवाली के बाहर जमकर नारेबाजी करने के संबंध में प्रशासन द्वारा उनके साथियों को भी गिरफ्तार किया गया। सोनू यादव का कहना है कि यह धरना अपने प्राचार्य और कुलपति से विनम्रता पूर्वक आगरा का रिजल्ट की मांग को सही करने के लिए पत्रक देने के बावजूद छात्रों की मांग को अनसुनी करने के खिलाफ प्रदर्शन हुआ क्योंकि सभी काफी मानसिक रूप से परेशान थे और यह मांग लगभग 3 महीने पहले चलती आ रही है और श्री यादव ने यह भी कहा कि उन्होंने13अगस्त22 को प्राचार्य को पत्र के माध्यम से विनम्रता पूर्वक आग्रह किया गया लेकिन प्राचार्य के द्वारा कहा गया कि आप लोग स्वयं कुलपति से वार्ता करें। यादव का कहना है कि प्राचार्य अपने ऊपर कोई भी भार छात्रों की नहीं देते हैं सारी मांग को अनसुनी करते हैं तो भी सोनू यादव ने छात्रों की मांग को लेकर के कुलपति से भी एक बार शालीनता पूर्वक वार्ता किया। 29सितम्बर 22 को जिसमें कुलपति महोदय से जल्द से जल्द रिजल्ट को संशोधित कराने की भी बात की गई लेकिन अब तक रिजल्ट सही ना होने से अत्यधिक मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के कारण सभी छात्र सोनू यादव के साथ धरने पर बैठे। सबकी यही मांग है कि रिजल्ट को जल्द से जल्द सही किया जाए और छात्रों की भविष्य को बचाया जाए अन्यथा छात्र आत्महत्या करने के लिए तैयार हो गए हैं क्योंकि अभिभावकों का और रिश्तेदारों का बहुत ही ज्यादा रिजल्ट की गड़बड़ी को लेकर के दबाव है सब छात्रों के ऊपर श्री यादव का यह भी कहना है कि पूर्व जिला अधिकारी गाजीपुर मंगला प्रसाद जी के द्वारा भी 2 बार कुलपति को रिजल्ट के संबंध में छात्रों का पत्रक अग्रेषित किया गया लेकिन उनकी बात को अनसुनी किया गया ।इस अवसर पर वर्तमान वाणिज्य संकाय अध्यक्ष शिवम पाल, धनंजय सिंह कुशवाहा, आशुतोष कुशवाहा, धीरज सिंह ,आशुतोष यादव ,दुर्गेश यादव ,अभिषेक यादव रिशु ,राजीव यादव रिशु, अभिषेक यादव, प्रिंस प्रजापति, गोविंद पाल, प्रवीण पांडे ,रूद्र प्रताप चौबे, आदि छात्र छात्र नेतागण उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 95वाँ एपिसोड था



प्रखर मिर्जापुर ।नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने रविवार की सुबह गणेशगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर भाजपा के तमामं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 95वाँ एपिसोड देखा ।रेडियो प्रोग्राम श्मन की बातश के 95वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम तेजी से मन की बात के एपिसोड के शतक की ओर बढ़ रहे हैं ।ळ–20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए गौरव की बात है ।इस मौके पर प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के हरिप्रसाद गारू द्वारा हाथ से बुनकर भेजे गये लोगो का भी जिक्र किया ।उन्होंने कहा कि उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। तेलंगाना का व्यक्ति जी–20 से खुद को कितना जुड़ा महसूस करता है ।पीएम ने कहा कि स्पेस सेक्टर में भारत ने अपनी सफलता का परचम लहराया है ।जो बच्चे बचपन में आसमान में चांद–तारे देखकर हवाई जहाज की आकृतिया बनाते थे,आज वही अंतिरक्ष में रॉकेट भेज रहे है ।जब हम टेक्नोलॉजी से जुड़े इनोवेशन की बात कर रहें हैं तो ड्रोन्स को कैसे भूल सकते हैं ।भारत अब ड्रोन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है ।कुछ दिनों पहले हमने देखा कि कैसे हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में ड्रोन्स के जरिए सेब ट्रांसपोर्ट किए गये ।आज हमारे देशवासी अपने इनोवेशन से उन चीजों को भी संभव बना रहे हैं,जिसकी पहले कल्पना तक नहीं की जा सकती थी ।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात में स्पेस में भारत की सफलता से लेकर,जी–20 में भारत की अध्यक्षता का जिक्र किया ।उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता में सबकी जागरूकता का भी जिक्र किया ।ड्रोन्स में भारत की तरक्की और युवाओ को स्पेस सेक्टर में रॉकेट भेजने तक कि बात कही ।इस मौके पर प्रीतम केशरवानी,अशोक सोनी,लालजी बम,राजेंद्र गुप्ता,राकेश गुप्ता,कामेश्वर सिंह,शिव कुमार सोनी,राकेश सोनी,सत्येंद्र गुप्ता,शिव गुप्ता रूप कुमार गुप्ता,सुनील सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनसंवाद कार्यक्रम में जनपदवासियों की समस्याओं का निस्तारण किया



प्रखर मिर्जापुर ।अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर मेडिकल संबंधित शिकायत व शिकायती प्रार्थना पत्र, जमीन विवाद से संबंधित ज्यादातर शिकायतें केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल के पास आईं। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने जनसंवाद कार्यक्रम में आए हुए सभी फरियादियों की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने लखनऊ के ग्रेयर ग्राउंड में आयोजित प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मिर्जापुर जनपद की विजेता टीम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंद के द्वारा माननीय केंद्रीय मंत्री जी को अवगत कराते हुए बताया कि राजधानी लखनऊ के ग्रेयर ग्राउंड में क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें जनपद मिर्जापुर की टीम ने जनपद जौनपुर को हरा कर कप जीत कर जनपद का गौरव एवम् सम्मान बढ़ाया। पूरी टीम में कैप्टन रामपाल यादव, सुभाष जायसवाल, योगेंद्र सिंह, विनोद यादव, राहुल कुमार, अभिषेक यादव, इंद्रजीत, मनोज राय, हृदय चंद, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश सिंह एवं प्रांतीय संयोजक बीडीसी संजय साथ में जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती आदि को माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने अंग वस्त्र देकर खुशी जाहिर की। जनसंवाद कार्यक्रम में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्रीमती रेखा वर्मा, रमेश सिंह पटेल, आनंद सिंह पटेल, कुलदीप पटेल, रामवृक्ष बिंद,कीर्ति केसरी, उदय पटेल, हेमंत बिंद, संजय उपाध्याय, गिरीश चंद पटेल, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा, पूनम सिंह, भगवान दास प्रजापति, नसीम कुरैशी, विशंभर पांडे, कपिल कुमार, आरिफ अली मंसूरी, आमिर खान आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकार कामेश्वर पाल को दी श्रद्धांजलि



प्रखर मिर्जापुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जुझारू सदस्य पूर्व तहसील अध्यक्ष कामेश्वर पाल की विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। जिसमे रविवार के दोपहर में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व मंडल के सभी वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके नाम काएक आम का वृक्ष लगाकर ग्यारह हजार की आर्थिक सहायता उनके पिता एवम बेटी को प्रदान की गई। 18 नवंबर की रात दवा लेने जाते समय पूर्व तहसील श्री कामेश्वर पाल जी के बोलेरो बाइक दुर्घटना में निधन हो गया था 20 नवंबर 2022 को प्रदेश कार्यसमिति के विशेष बैठक विंध्याचल में आई थी जिसमें उनके परिजनों को आर्थिक सहायता देने की पता चलने पर घोषणा किया था। इसी परिपेक्ष में 27 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष सौरव कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन महेंद्र नाथ सिंह सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों के साथ दिवंगत पत्रकार स्व कामेश्वर पाल के घर पहुंचकर उनके पिता एवं बेटी को 11000 की आर्थिक सहायता प्रदान कर, उनके नाम का एक आम का वृक्ष लगाते हुए, शोक संवेदना व्यक्त कर उनके साथ सदैव खड़ा रहने का आश्वासन दिया गया। मृतक साथी की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार, प्रदेश महामंत्री संगठन महेंद्र नाथ सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी, प्रदेश सदस्य हौसला त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिला अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा, जिला महामंत्री राजेश कुमार दुबे, तहसील अध्यक्ष कुमार आनंद , तहसील अध्यक्ष मड़िहान रघुवर प्रसाद मौर्या, असलम खान,मयंक जायसवाल, मुमताज अहमद, अनिल केशरी, सतीश चंद मिश्रा, अवधेश कुमार त्यागी मंडल उपाध्यक्ष, सुजीत कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

# वन विभाग द्वारा उजाड़ने की नोटिस प्राप्त हिनौता गाँव के पीड़ितों ने मनाया संविधान दिवस

प्रखर मिर्जापुर। जमालपुर क्षेत्र के हिनौता गाँव के सैकड़ों वंचित समुदायों के परिवारों को वन विभाग द्वारा जारी नोटिस उजाड़ने के प्रकरण में पीड़ितों ने संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को आशा ट्रस्ट और खदान मजदूर यूनियन की ओर से आयोजित कार्यक्रम संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज के दिन 1949 में हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था, जिसके निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हैं। उन्होंने रात–दिन एक करके शोषित वंचित समाज के साथ–साथ पूरे देश को न्याय, समता, समानता, अधिकार सबको समान दर्जा दिलाया। पीड़ितों ने कहा कि उन्हें संविधान के अनुरूप आज तक न्याय नहीं मिला। आज देश में चारों ओर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़ों पर हर रोज जानलेवा हमले, बहिष्कार, उत्पीड़न, जुल्म ज्यादती जग जाहिर हैं। हिनौता गाँव के वन विभाग द्वारा उजाड़ने के प्रकरण में लोगों ने तुरंत न्याय की मांग की है।

बनारस से पधारे सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर गाँव में स्थित बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देकर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। जिसमें 470 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां हैं और यह संविधान 2 साल 11 माह 18 दिन में बनकर तैयार हुआ था। इस अवसर पर खदान मजदूर यूनियन के संयोजक महेंद्र राठौर ने कहा कि दुनियाभर के तमाम संविधानो को बारीकी से देखने के बाद डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया था। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकत्री उर्मिला विश्वकर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान सभी भारतीयों को समान स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व और समान न्याय प्रदान करता है। इसी तरह क्षेत्र के वंचित समुदायों के बीच मानिकपुर, महूली, मझवा, जेसवा, वेलखरा, कंचनपुर, बाराडीह, धुरियाँ आदि गाँव में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महेंद्र राठौर, राजकुमार गुप्ता, उर्मिला विश्वकर्मा, राजेश यादव, सीमा देवी, सुमन कुमारी, राहुल, रूबी, दुर्गावती, कृष्णावती, राधिका, रेखा, मुन्नी, कमला, जमुना, जोथन, शिवकुमारी, आरती, राधेश्याम, चंदावती, अनिला, चन्द्रकला रज्जो, रोहित, रानी, कुमारी, मालती, शांति, रीता, नीलम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# सत्याग्रह आंदोलन के समर्थन का आवाहन



प्रखर वाराणसी। 26 नवंबर 2022 से प्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति द्वारा चलाए गए। सत्याग्रह आंदोलन का दूसरा दिन है आज 27 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन राजकुमार, राष्ट्रीय समता पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव पुनवासी प्रजापति , स्वाभिमान एकता मंच के रूद्रेश प्रजापति, पीएस4 के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजीनियर रमेश चौधरी, पीएस4 के मंडल अध्यक्ष शिवप्रसाद, ओम प्रजापति गरीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद प्रजापति , हिरकणी महासभा के सोमनाथ प्रजापति, श्याम सुंदर लाल, शोभनाथ प्रजापति ने सत्याग्रह आंदोलन का समर्थन किया तथा आंदोलन में कंधों से कंधा मिलाकर चलने का आवाहन किया। पीएस4 के प्रमुख छेदी लाल निराला ने यह भी बताया कि आज रात 27 नवंबर 2022 को 1.40 पर उन्हें गुंडों द्वारा धमकी दिया गया तथा भद्दी ऋभद्दी गालियां देकर आंदोलन समाप्त करने की चेतावनी दी गईस प्रमुख जी ने इसकी शिकायत कैंट चौकी पर लिखित रूप से की सप्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति पीएस4 ने कुम्हारों पर हो रहे अत्याचार उत्पीड़न बलात्कार को लेकर 26 नवंबर तक से लेकर 28 नवंबर तक सत्याग्रह आंदोलन कर रहा हैस सत्याग्रह आंदोलन में पीड़ित परिवार की महिलाएं एवं उनके परिजन भी आंदोलन में शरीक हुए हैंस प्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति ने आराधना प्रजापति जिला आजमगढ़ थाना अहरौला के हत्यारों को गिरफ्तार करने,चंदौली निवासी थाना धानापुर ग्राम नीदिल पुर के निवासी दिलीप प्रजापति के अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने, राजबहादुर प्रजापति थाना कपसेठी ग्राम अर्जुनपुर के सभी हत्यारों को गिरफ्तार करने , किरण प्रजापति कोतवाली गाजीपुर ग्राम कुर्था कि हत्यारे को गिरफ्तार करने. थाना शाहगंज सोनभद्र राम दुलारे प्रजापति की हत्या आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर शासन प्रशासन को चेताया साथ ही प्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति के प्रमुख छेदीलाल निराला जी ने यह भी कहा कि अगर मेरी मांगे नहीं मानी गई , हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हम आमरण अनशन पर बैठने के लिए तैयार हैं सत्याग्रह के दूसरे दिन में पीएस4 के राष्ट्रीय महासचिव राजेश प्रजापति जी, वाराणसी के जिला महासचिव सुनील जी, पवन जी, सोमनाथ जी, मनसा जी तथा पीड़ित परिवार एवं समाज के लोगों की गरिमामय उपस्थिति रहीस पीएस4 ने ' उत्तर प्रदेश में कुम्हारों की हत्या बलात्कार और अपहरण के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने, ' हत्या के शिकार कुम्हारों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने ' उत्तर प्रदेश में कुम्हारों की हत्या ,बलात्कार, अपहरण की घटनाओं की जांच सीबीआई से और उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में कराने की ' उत्तर प्रदेश में कुमारों के लिए हुए पट्टे की जमीनों से अवैध कब्जा हटाने की मांग को रखास तथा इससे संबंधित ज्ञापन 28 नवंबर को जिलाधिकारी मार्फत उत्तर प्रदेश सरकार को, वाराणसी मंडल के कमिश्नर को तथा जिलाधिकारी मार्फत प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपे।

# सैदपुर पुलिस ने किया अपहरण के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा लम्बित विवेचनाओ के निस्तारण एंव लम्बित विवेचनाओ मे वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर महोदय के पर्यवेक्षण मे व प्र

आज रविवार को उप निरीक्षक लक्षमणा यादव मय हमराह पुलिस बल के द्वारा अपहरण के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त सलीम उर्फ बाठे पुत्र श्यामनारायण निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना सैदपुर गाजीपुर उम्र 20 वर्ष को औडिहार तिराहा सैदपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी बाद अन्य कानूनी कार्यवाही कोतवाली सैदपुर द्वारा जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक लक्ष्मण यादव, हेड कांस्टेबल सूर्यपाल यादव थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

# अधेड़ का शव मिलने से मची सनसनी



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बरेसर थाना क्षेत्र के अंतर्गत छूतीहार गांव के पास रविवार की भोर में सर्विस लेन के किनारे अधेड़ का शव मिलने से ग्रामीण क्षेत्र में हड़कंप मच गया । दौड़ने वाले नौजवानों की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने रामजी यादव(48) वर्ष पुत्र राजाराम यादव निवासी छूतिहार के रूप में पहचान की।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजाराम यादव का बड़ा पुत्र रामजी यादव देर रात को घर के बरामदे में अकेले सोए थे। दूसरे घर में पत्नी भी सोई हुई थी। पत्नी ने बताया कि 2 बजे रात में खासने की आवाज सुनकर बरामदे में देखा तो उनका पता नहीं चला तो लगा टहलने के लिए निकल चुके हैं वह प्रति दिन 3 बजे भोर में ठहरने के लिए जाते थे तब तक सुबह सूचना मिली कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन मार्ग के किनारे औधे मुंह अधेड़ का शव पड़ा हुआ है। यह जानकारी सेना की तैयारी करने वाले नौजवानों द्वारा रामजी यादव के रूप में पहचान कर परिजनों को जानकारी दी। ग्रामीणों की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और दहाड़े मार कर रोने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आग की तरह यह बात फैल गई और सैकड़ों लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के पास प्राइमरी स्कूल के शौचालय में खून के दाग धब्बे मिले हैं जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हत्या की आशंका को लेकर घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए और हत्या के पर्दाफाश की मांग करने लगे। घटना स्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति की सूचना मिलते ही कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया । मृतक की दो शादियां हुई थी पहली पत्नी उसा देवी की एक बेटी का शादी हो चुकी है ।वह मायके रहती है।वहीं दूसरी पत्नी मीना देवी अपने पति रामजी यादव के साथ रहती हैं। मीना देवी से डिंपल यादव 17 उम्र वर्ष, झूनी (12) वर्ष, रिशु (10 )वर्ष तीन लड़कियां और एक गोलू 5 वर्ष का लड़का है। घटना को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं व्याप्त है।हत्या को लेकर पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संदर्भ में वरेसर थानाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क किनारे शव मिला है परिजन द्वारा शिनाख्त कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजन द्वारा तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# देश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में सोनी सरोज का हुआ चयन



प्रखर गाजीपुर। मंडल स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक – 17.11.22 से 18.11.22 के बीच आयोजीत किया गया था जिसमें बाँसबारी विद्यालय जूडो–कराटे टीम ने 1गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 4 मेडल हासिल किए, प्राथमिक विद्यालय बांसबारी में पढ़ने वाली सोनी सरोज ने 30ज्ञह भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय (स्टेट लेवल) खेलकूद प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसी क्रम में अपने भार वर्ग में किशन मौर्य, अमन यादव, तथा सरस यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मण्डलीय सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक (बे.) आदरणीय श्री अवध किशोर सिंह महोदय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर श्री हेमंत राव जी एवं अन्य मंचासीन अतिथियों ने बच्चों को सम्मानित किया। सोनी सरोज की इस उपलब्धि से पूरा ब्लॉक गौरवान्वित है। केराकत ब्लॉक से ष्प्रदेश स्तरष पर खेलने के लिए जाने वाली यह पहली खिलाड़ी है।

मण्डल स्तरीय खोलकूद प्रतियोगिता से वापस आने पर ग्राम प्रधान बाँसबारी श्री प्रमोद मौर्य एवं एस.एम.सी.अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह जी द्वारा सभी खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। केराकत में एक दिवसीय तहसील स्तरीय दिव्यांगजन खेलकूद प्रतियोगिता का दिनांक 26.11.22 को आयोजित किया गया था जिसमें सभी खिलाडियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया व अपनी प्रतिभा का भव्य प्रदर्शन करते हुए खेल प्रतियोगिता को सफल बनाया विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी केराकत श्री मुकेश कुमार जी द्वारा भी सोनी सरोज को मेडल एवं माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चौम्पियनशिप खेल कर आए हुए सभी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। खिलाडियों ने इस जीत का श्रेय बांसबारी प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र प्रताप यादव, के0 डी0 स्पोर्ट्स कराटे अकेडमी के कोच श्री सोनू यादव व अपने माता – पिता को दिया।

# दो बाइक सवारो ने युवक से छीना मोबाइल

प्रखर मिर्जामुराद। स्थानीय थाना क्षेत्र के मानापुर (खालिसपुर) ग्राम निवासी एक युवक का मोबाइल शनिवार को अज्ञात बदमाशो ने छीन लिया। जानकारी के अनुसार हर्ष कुमार यादव लालपुर चट्टी नहर से साइकिल पर सवार हो कर घर जा रहा था कि अज्ञात बाइक सवार बदमाशो ने उसे रोक उसका मोबाइल छीन कर श्यामा माता मंदिर के सामने से हाईवे पकड़ भाग निकले। जब तक युवक कुछ करता तब तक दोनों बदमाश उसके आंखों से ओझल हो चुके थे। युवक ने बताया कि जिस मोबाइल को बदमाशों ने छीना उस मोबाइल की कीमत 10000 के करीब था, युवक ने शनिवार की शाम मिर्जामुराद थाने पहुंच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया ।

# एक दिवसीय पांच कुंडीय महायज्ञ संपन्न




प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर गाजीपुर (प्रदीप कुमार पाण्डेय)। स्थानीय तहसील अंतर्गत स्थित यूसुफपुर माता महाकाली मंदिर पर एक दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ धूमधाम से संपन्न हुआ। बताया जाता है कि यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर पर प्रत्येक माह की 27 तारीख को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है ।लेकिन आज 27 नवंबर को माता महाकाली मंदिर का वार्षिकोत्सव होने के कारण यहां एक दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ को सफल कराने में महिला मंडल गायत्री परिवार से मिथिलेश उपाध्यक्ष, निर्मला जयसवाल मिथिलेश राय द्वारा यज्ञ का आरंभ किया गया। बल्लभ दास अग्रवाल द्वारा इसकी व्यवस्था की गई थी। तथा मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश जी उपस्थित थे । उन्होंने यज्ञ की संचालन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग कर रहे थे।यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।जिसमें दूर–दूर से आए संत ,महात्मा एवं नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों ने माता का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित थी।

# नगर निकाय चुनाव के लिए एकजुट हो कांग्रेसी– अजय राय

प्रखर पिंडरा वाराणसी। प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने कहाकि आगामी नगर – निकाय चुनाव पार्टी पूरे मजबूती से लड़ेगी । हम हर जिले में संगठनात्मक आधार पर संगठन को मजबूत करेंगे। हमारा मुख्य उद्देश्य है हर जनपद में पार्टी मजबूत हो।आज देश व प्रदेश झूठे लोगो के हाथ मे है उन लोगों के हाथ मे है जो लोग संविधान व लोकतंत्र को खत्म कर रहे है। मोदी–योगी सरकार द्वारा जनमानस संग छलावा किया जा रहा है। उक्त बातें रविवार को बाबतपुर में आयोजित प्रयागराज प्रान्त के अध्यक्ष अजय राय ने विभिन्न जिलों से आये जिला अध्यक्ष व विभिन्न फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों व पदाधिकारियो को सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने कहाकि 2022 में किसानों की आय दुगुने का वादा कहां है? युवाओं के रोजगार, शिक्षा–स्वास्थ्य की बेहतरी पर सरकार खामोश है,स्वास्थ व्यवस्था बदहाल है।महंगाई चरम पर है।किसान नौजवान महिलाएँ बच्चे सब परेशान है ध्यान सिर्फ विज्ञापन और मार्केटिंग का रखा जा रहा है। बढ़ती महंगाई से आहत जनता को कोई राहत देने में भाजपा सरकार पूर्णतया विफल है।सरकार के कथनी और करनी में फर्क साफ है।डीजल–पेट्रोल, सीमेंट, दाल, तेल, इस्पात, रसोई गैस सभी की कीमतें बढ़ी हैं। नौजवानों को नौकरी नही है।सरकार सिर्फ और सिर्फ बेवकूफ बनाने की राजनीति में विश्वास रखते हुए आमजन संग विश्वासघात कर रही है।हम सबको एकजुट होकर जनविरोधी ताकतों से लड़ना है।

# आल इंडिया रेलवे शु–शाईन वर्कर्स यूनियन ने मनाया भारतीय संविधान दिवस एवं मजदूर विकलांग कामगार एकता दिवस



प्रखर पूर्वान्चल कटिहार। कटिहार जिला नया टोला डेहरिया वार्ड – 38 में आल इंडिया रेलवे शु–शाईन वर्कर्स यूनियन हर साल की भांति इस साल भी भारतीय संविधान दिवस पर भारतीय संविधान दिवस एवं मजदूर विकलांग ,कामगार एकता दिवस मनाया गया जिसमें यूनियन के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष एव पूर्व सांसद प्रत्याशी वासुकिनाथ साह ने कहा की 26 नवबर को नया टोला डेहरिया परिसर में भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाएगी और युनियन के तत्वावधान में गरीब छात्रों एव महिलाओं को भारतीय संविधान के बारे में बताया गया और कहा कि बाबा साहेब आबेडकर ने कहा था शिक्षित हो, संगठित हो और संघर्ष करो जौ हमारे यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव लोकप्रिय समाज सेवक ओमप्रकाश राम कर रहे है शिक्षा ही समाज का सबसे बड़ा धन है शिक्षा से ही गरीबी को दूर किया जा सकता है जिंदगी में किसी को भी शिक्षा अनिवार्य है। शिक्षा से समाज का मनोबल बढ़ता है,जो हमारे समाज के लिए ही नहीं बल्कि जीवन को सुखहाल साबित होता है ऐसा कहते है बिहार के मुख्यमंत्री जी गरीबों छात्रों के लिए बहुत से योजना शुरू किया है हम सभी को उसका लाभ लेना चाहिए।

# आयुष मंत्री का लघु उद्योग भारती काशी ने किया अभिनंदन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती काशी प्रांत कार्यालय मलदहिया पर आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्रा दयालु गुरु का उद्यमियों ने स्वागत किया द्य राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत तथा गुलजारी लाल गुप्ता कोषाध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत ने अंगवस्त्र पहनाकर मंत्री जी का अभिनंदन कर स्वागत किया । मंत्री जी ने कहा की आप सभी उद्यमियों के लिए उनके कार्यालय सदेव खुले है उद्यमियों के हित में हमारी सरकार कार्य कर रही है। संघठन के सभी उद्यमी मंत्री जी के सरल सहज स्वभाव के मुरीद हो गए। उद्यमी दिनेश गुप्ता,भारत भूषण गुप्ता,ज्योति शंकर मिश्रा,सर्वेश श्रीवास्तव,अरुण सिंह,सनी विश्वकर्मा, इत्यादि उपस्थित थे ।

# सामुहिक विवाह को लेकर प्रभावी रहेगा रूट डायवर्जन



प्रखर गोरखपुर। चंपा देवी पार्क में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को देखते हुए 28 नवंबर को रूट रहेगा डायवर्जन।आने वाले वाहनों की पार्किंग भी निर्धारित कर दिया गया है।जिसमें पैडलेगंज की तरफ से आने वाले वाहन चंपा देवी पार्क से पहले दक्षिण तरफ खाली मैदान में,तीन पहिया, चार पहिया वाहन बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह सड़क पर वही देवरिया बाइपास की तरफ से आने वाले वाहन ट्रांसफार्मर तिराहा व महंथ दिग्विजय नाथ पार्क हनुमान मंदिर देवरिया बाइपास से आने वाले बस व ट्राली बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह के पास खड़े होंगे। पुलिस अधीक्षक यातायात डा. एमपी सिंह ने बताया कि 28 नवंबर सुबह आठ बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक डायवर्जन जारी रहेगा।जिसके तहत हनुमान मंदिर देवरिया बाइपास से नौकायन की तरफ से सामूहिक कार्यक्रम में आने वाले वाहनों को छोड़कर तारामंडल बाइपास से, ट्रांसफार्मर नौकायन तिराहा कार्यक्रम में आने वाले वाहन को हनुमान मंदिर तिराहा।पैडलेगंज चौराहा से चंपा देवी पार्क की तरफ कार्यक्रम वाहनों को छोड़कर बाइपास से होकर जाएंगे,सर्किट हाउस मोड़ से सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

# 28 नवम्बर को होगा ब्रह्मर्षि लाला बाबा का वार्षिक श्रृंगार




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करंडा थाना क्षेत्र के वीरापाह भटौली गांव में 28 नवंबर को ब्रह्मर्षि श्री लाला बाबा धाम 36 वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। सोमवार के दुग्धाभिषेक व पूजा के उपरांत बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पंडित अविनाश शीतल भट्ट ने बताया कि सुबह 9 बजे से हरि नाम संकीर्तन जबकि मंगलवार को सुबह 9 बजे पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर हवन पूजन के पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांव व पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे ।

# मिर्जापुर के साइंटिस्ट डॉ. मयंक ने बीएचयू के शोधार्थियों को किया संबोधित



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। मिर्जापुर के बगहीं गांव निवासी अमेरिकी भारतीय मूल के वैज्ञानिक डॉ. मयंक सिंह ने वेबीनार के माध्यम से रविवार की सुबह नौ बजे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी के भूविज्ञान विभाग द्वारा 25 नवंबर से 30 नवंबर के बीच आयोजित सम्मेलन ष्वैज्ञानिक लेखन और संचार कौशल में क्षमता निर्माणष पर मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. मयंक ने शोधकर्ता श्रोताओं को एक सफल कैरियर के अन्य महत्वपूर्ण पहलू का विज्ञान परिचित कराया।उन्होंने विस्तार से वर्ष 1893 (शिकागो) में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद का ऐतिहासिक भाषण के पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पब्लिकारतीनशिकागो डॉट कॉम में लेखन के अनुसार बताया उस समय शिकागो–सम्मेलन हॉल में लगभग 7,000 लोग मौजूद थे और जैसे ही स्वामी विवेकानंद ने कहा कि "सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका", उन्हें तीन मिनट से अधिक समय तक खड़े होकर तालियां बजाई गईं जो सम्मेलन और संगोष्ठी में भाग लेने का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने 1893 में एक जहाज पर जमशेदजी टाटा और स्वामी विवेकानंद की बातचीत पर प्रकाश डाला, जहां उन्होंने भारत में अनुसंधान और उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना के लिए टाटा की योजना पर चर्चा की, जिसे अंततः 1909 में मैसूर के महाराजा कृष्णराज वाडियार चतुर्थ द्वारा भूमि दान की गई और भारतीय विज्ञान संस्थान–बैंगलोर के रूप में स्थापित किया गया। डॉ. मयंक ने अर्नेस्ट सोल्वे, अल्बर्ट आइंस्टीन, मैरी क्यूरी, नील्स बोहर, वोल्फगैंग पाउली, वर्नर हाइजेनबर्ग और कई अन्य वैज्ञानिकों और नोबेल पुरस्कार विजेता चेहरों की सबसे प्रसिद्ध तस्वीरों को भी प्रदर्शित किया, जिन्हें पहले और पांचवें सोल्वे सम्मेलन में देखा गया था।फिर उन्होंने नेटवर्किंग, सदस्यता के लाभों के साथ सम्मेलन,संगोष्ठी और कार्यशालाओं की परिभाषा को स्पष्ट रूप से समझाया और वर्ष 1914 में स्थापित इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन और 1924 में स्थापित द इंडियन केमिकल सोसाइटी के मूल पहलू और सदस्यता के लाभों का वर्णन किया। डॉ मयंक ने अमेरिका, कनाडा, लंदन, यूरोप, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर और जापान की अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ अपने जुड़ाव और अन्य लाभों पर भी प्रकाश डाला। अंततः डॉ. मयंक ने भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका के "नेशनल डेंड्रिमर एंड नैनोटेक्नोलॉजी सेंटर" तक की अपनी वैज्ञानिक यात्रा को साझा किया और भारत के शोधार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी।डॉ. मयंक संयुक्त राज्य अमेरिका में मिशिगन राज्य के माउंट प्लेजेंट शहर के नेशनल डेंड्रिमर एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर में अनुसंधान और विकास के वरिष्ठ औषधि वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत है।जो विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा असाधारण क्षमता और उपलब्धियों के साथ उनकी वैज्ञानिक साख के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं